उत्तर प्रदेश शासन
वित्त संसाधन (सामान्य) अनुभाग
संख्या-1/2023/आर0जी0-98/दस-2023
दिनांकः लखनऊः 23 जनवरी, 2023

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

उत्तर प्रदेश राज्य का आय-व्ययक (बजट) तैयार करने, 'बजट-इन-ब्रीफ' तैयार करने, बजट प्लान लिंक बनाने, राज्य की योजना के संसाधन तैयार करने, वित्तीय प्रबन्धन, ऋण प्रबन्धन, केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान, केन्द्रीय वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग से सम्बन्धित कार्य, कर-करेत्तर राजस्व प्राप्ति के आंकड़े तैयार करने, मितव्ययिता जैसे विशेष, तकनीकी (Technical)एवं गोपनीय प्रकृतिके कार्योंको किये जाने हेतु दो इकाईयों यथा 'राज्य वित्तीय योजना एवं संसाधन निदेशालय (Directorate of Fiscal Planning & Resources)' तथा 'वित्तीय प्रबन्ध एवं बजट निदेशालय (Fiscal Management & Budget Directorate)' का गठन क्रमशः शासनादेश संख्या-आर0जी0-73/दस-2/82 दिनांक 08फरवरी,1984 तथा शासनादेश संख्या-बी-1-738/दस-3/86 दिनांक 31 मार्च, 1986 द्वारा वित्त विभाग के अधीन शासन स्तर पर किया गया है जिसमें उल्लिखित है कि यह संगठन वित्त विभाग के अन्तर्गत एवं 'वित्त सचिव' के नियन्त्रणाधीन कार्य करेगा।

उक्त दोनों इकाईयों के गठन के समय 'वित्त सचिव', वित्त विभाग के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी थे जबकि वर्तमान प्रशासनिक संरचना के अनुसार 'अपर मुख्य सचिव, वित्त',वित्त विभाग के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी हैं। अतः उक्त दोनों शासनादेश तथा इससे सम्बन्धित समस्त अनुवर्ती शासनादेशों को इस सीमा तक संशोधित किया जाता है कि 'वित्त सचिव' के स्थान पर 'अपर मुख्य सचिव, वित्त' पढ़ा जाय अर्थात 'राज्य वित्तीय योजना एवं संसाधन निदेशालय' तथा 'वित्तीय प्रबन्ध एवं बजट निदेशालय', अपर मुख्य सचिव,वित्त के नियन्त्रणाधीन शासन स्तर पर कार्य करेगातथा इनका कार्यालय सचिवालय परिसर में स्थित होगा।

प्रशान्त त्रिवेदी
अपर मुख्य सचिव एवं
वित्त आयुक्त

संख्या-1/2023/आर0जी0-98/दस-2023तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. अपर मुख्य सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
4. विशेष सचिव, वित्त (सेवायें) अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
5. विशेष सचिव, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक,राज्यवित्तीय योजना एवं संसाधन निदेशालय।
7. अपरनिदेशक,वित्तीय प्रबन्ध एवं बजट निदेशालय।
6. कोषाधिकारी, जवाहर भवन कोषागार, लखनऊ

(आलोक दीक्षित)
विशेष सचिव,
वित्त